मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 10 | अंक - 52 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 18 सितंबर से 24 सितंबर 2023 | पृष्ठ : 08 | कीमत : 3 /- रुपये

**कदम कदम पर**
परिवार की तरफ से







प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर नई दिल्ली में उनके निवास स्थान पर केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने उनकी शान में मराठी भाषा की कविता के साथ गुलदस्ता देकर उन्हें 73वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।



हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रसाद शुक्ला ने अपनी धर्मपत्नी के साथ मुंबई दादर प्रभादेवी स्थित श्रीसिद्धिविनायक मंदिर में गणपति बाप्पा का दर्शन किया। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट के विश्वस्त सर्वश्री राजाराम देशमुख ने उन्हें श्रीसिद्धिविनायक बाप्पा की आकर्षक प्रतिमा अंगवस्त्र देकर उनका सम्मान किया।

## अस्पतालों में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की होगी भरमार...

मुंबई : मुंबई समेत महाराष्ट्र के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में बीते कई महीनों से दवाओं की भारी किल्लत है, जो मरीजों के लिए समस्याएं पैदा कर रही है। गरीब मरीजों को मजबूरन अधिक कीमत देकर बाहरी मेडिकल स्टोरों से दवाइयां व इलाज के लिए आवश्यक अन्य सामान खरीदने पड़ रहे हैं। इससे पूरे प्रदेश में ईडी सरकार की जमकर किरकिरी हो रही है। इस बदनामी से ईडी सरकार की आंखें खुल गई हैं और पिछली महाविकास आघाड़ी सरकार में स्वास्थ्य संसाधनों से संबंधित तैयार किए गए प्रस्तावों को दनादन मंजूरी देते हुए लगातार शासनादेश जारी कर रही है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि आनेवाले दिनों में मुंबई समेत प्रदेश के लगभग सभी सरकारी अस्पतालों में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की भरमार हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि हाफकिन कॉर्पोरेशन ने इस साल १,५०० करोड़ रुपए के बजटीय आवंटन में से ६५० करोड़ रुपए का उपयोग नहीं किया। नतीजतन कई सरकारी अस्पतालों में दवाएं और उपकरण खत्म हो रहे हैं। मौजूदा सरकारी स्वामित्व वाला हाफकिन बायो फॉर्मास्युटिकल कॉरपोरेशन दवाओं व उपकरणों की खरीदी में देरी कर रहा है। इस कारण प्रदेश के कई सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य विभाग के अधीन आनेवाले स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की भारी कमी देखी जा रही है। दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की किल्लत ने मरीजों और उनके परिजनों को हलकान कर दिया है। अस्पतालों में सभी दवाइयां न मिलने से इलाज के लिए आनेवाले मरीजों को मजबूरन बाहर स्थित मेडिकल स्टोरों पर जाकर अधिक कीमत का भुगतान करके दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। कई दवाएं इतनी महंगी होती हैं, जो उनके बजट के बाहर होती हैं। हालांकि, प्रदेश के अस्पतालों में बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने में ईडी सरकार नाकाम साबित हो रही थी। उसकी इस नाकामी को लेकर महाराष्ट्र की जनता में जमकर बदनामी हो रही थी। इससे बचने के लिए मौजूदा सरकार को मजबूर महाविकास आघाड़ी सरकार के कार्यकाल में दवाओं और मेडिकल उपकरण की खरीददारी को लेकर तैयार किए प्रस्तावों को मंजूर करते हुए लगातार शासनादेश जारी कर रही है।

शासनादेश जारी कर बताया गया है कि सिरप, एंटी स्नैक वेनम सिरम,



डिप्थीरिया एंटी टॉक्सिन इंजेक्शन अन्य कई इंजेक्शन, पीसीएम, ऑग्मेंटिन, एमोक्सीसिलिन, मेटफॉर्मिन, एजिथ्रोमाइसिन समेत कई दवाइयां खरीदी जाएंगी। इसके साथ ही मोबाइल एक्स-रे, सिरिंज पंप, मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, सीपैप, मॉनिटर विटल साइन आदि उपकरण खरीदे जाएंगे।

जारी किए गए शासनादेश में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि ईडी सरकार के राज में बड़ी संख्या में अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ ही ठेका कर्मियों का वेतन बकाया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधीन आनेवाली कई इमारतों का किराया भी बकाया है। हालांकि, इन सभी का भुगतान करने के लिए ३.०३ करोड़ रुपए आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अनुमान है कि जल्द ही वेतन समेत अन्य बकायों का भुगतान कर दिया जाएगा।

## औद्योगिक सुरक्षा अधिकारी ने सर्जन से मांगी रिश्वत, एसीबी ने दर्ज किया केस



**पालघर** : पालघर में एक सर्जन से कथित तौर पर रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। बता दें कि एक औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य निदेशालय के एक अधिकारी पर रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। मामले को लेकर एसीबी ने गुरुवार को कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पालघर जिले में एक सर्जन से कथित तौर पर रिश्वत मांगने के आरोप में औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य निदेशालय (डीआईएसएच) के एक अधिकारी (नितिन आनंदराव गजपुरे) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पालघर एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक दयानंद गावड़े ने कहा कि सर्जन के पास जिले में विभिन्न कारखानों और इकाइयों का दौरा करने और अपने कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच करने और चिकित्सा प्रमाण पत्र जारी करने की आवश्यक अनुमति थी।

## कृतज्ञ पल !




**प्रिय पाठकों..**
**विज्ञापन दाताओं एवं शुभचिंतकों,**

आप सभी को यह बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर आगामी 25 सितंबर 2023 को 11 वर्ष पूर्ण कर रहा है।

इसी प्रतीक संकेत के तौर पर आगामी 25 सितंबर 2022 को हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर का एक विशेषांक प्रकाशित होने जा रहा है।

एक दशक की इस लंबी यात्रा में सुचारू रूप से हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर का प्रकाशन अपने पाठकों, विज्ञापन दाताओं एवं शुभचिंतकों से सुलभ हो पाया है। सभी का आभार इस प्रीतिमय समर्थन के लिए.!!

आइए हम इस यादगार लम्हें का अंश बने, अखबार के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आपके शुभकामना बधाई संदेश आपकी तस्वीर के साथ विशेषांक में मुनासिब स्थान दिया जाएगा .!!!

***साधूवाद***
Cc; Editor-in-Chief
Respected Sri. Chhote Lal Sharma ji!
**सादर**
**राजन शर्मा**
**उप संपादक, कदम कदम पर**
**संपर्क : + 91-9920371732**

## प्रोत्साहन पुरस्कार से श्री श्याम मथुरिया जी सम्मानित




विगत दिनों भारतवर्ष की 190 विभिन्न प्रस्तुतियों ने ऊर्जा शिखर सम्मेलन में भाग लिया या हमसे जजों ने जूरी ने 89 प्रतिभाओं को चुन कर, उनके प्रतिनिधि को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्रालय से भारत सरकार के निदेशक मंडल के महानिदेशक भी इस सम्मेलन में शामिल हुए, उन्होंने अपने विचार रखे और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाले अधिकारियों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। G20 में पधारे 2.3% एनर्जी सेविंग के लिए भारत की बहुत ही अहम भूमिका, यहां पर बता दें श्री श्याम मथुरिया जी को ग्रीन हाउस में जनरल मैनेजर के पद पर उनके उत्कृष्ट कार्य एवं पावर सेविंग के लिए चुना गया है। गत 22-23 में भारत के सभी ए.जी.ओ. ने देश में 92 बिजली की सेवा की श्री श्याम मथुरिया जी को अच्छे कार्य के लिए अभासम बधाई देता है। **कदम कदम पर परिवार की तरफ से हार्दिक शुभेच्छा!**

## बाबा भाई की मदत करे...

**वसई,** तालुका मे हिंदुत्व का काम बड़चढ़ कर करने वाले बाबा शर्मा इस वक्त जिंदगी और मौत के बीच मे है, बाबा शर्मा जी की 2 दोनो किडनी खराब हो गई है, करीब 2 साल से वो अपनी जिंदगी की जंग लड़ रहे है भाईयो, बाबा शर्मा जी की पूज्य माता जी ने अपनी एक किडनी बाबा शर्मा को दिया है किडनी ट्रांसप्लांट के लिए 14 लाख रुपए का खर्च है नायर हॉस्पिटल मे किडनी ट्रांसप्लांट होगा.

बाबा भाई हमेशा ही हिंदुत्व कार्य में आगे आकर कार्य को सफल बनाने में सबका सहयोग करते है.

आज बाबा भाई को हम सबकी जरूरत है, आप सभी सनातनी आगे आए और बाबा भाई की मदत करे, जिससे जो भी हो सकता है आगे आकर मददत करे google pe, स्कैनर से बाबा शर्मा के A/C में पैसा डाले - बाबा शर्मा का भी हस्ता खेलता परिवार है बीबी, छोटे छोटे बच्चे इसलिए आप सब भी जरूर मदद करे...

**बाबा शर्मा 18/9/2023 को एडमिट होगे और 23, 24 /9/2023 को किडनी ट्रांसप्लांट शुरू होगा...**

Pravin Sharma
Axis Bank 9000
UPI ID: pravin.sharma9923778886-2@okaxis



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# पांव के नीचे से जमीन का खिसकना तय

संसदीय चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। चुनावों को ध्यान में रखकर द्विध्रुवीय गोलबंदी होने लगी है। एक तरफ राजग के घटक खुद को नए सिरे से संगठित कर रहे हैं तो दूसरी ओर भाजपा विरोधी दल आइएनडीआइए यानी 'इंडिया' जैसे नए मंच के माध्यम से अपनी रणनीति को धार देने में लगे हैं। वहीं कुछ दल हैं, जिन्होंने अभी तक अपना खेमा नहीं चुना या कुछ ऐसे भी हैं जो 'एकला चलो रे' की राह पर बढ़ गए हैं। बसपा ऐसा ही एक दल है, जिसकी प्रमुख मायावती ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगी और संसदीय चुनाव अकेले ही लड़ेगी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान के विधानसभा चुनावों में भी बसपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी। मायावती और बसपा न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश में दलित एवं बहुजन सामाजिक समूहों की स्वतंत्र सी दिखने वाली राजनीति के प्रतीक माने जाते हैं। इससे प्रश्न उठने लगा है कि मायावती की इस घोषणा का आगामी चुनावी राजनीति पर क्या असर पड़ेगा? उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और महाराष्ट्र में भी बसपा का जनाधार है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अधिकांश राज्यों में बसपा जीतने की स्थिति में भले न हो, लेकिन हार-जीत में अंतर जरूर पैदा कर सकती है। मायावती और बसपा के छितरे मतों की मौजूदगी की संभावना से शायद ही किसी को इन्कार हो, किंतु दलित राजनीति के अध्ययन के क्रम में मुझे बार-बार यही अनुभूति हुई कि पिछले दशक में दलित वर्गों की सामाजिक-राजनीतिक मनोवृत्ति काफी बदली है। वस्तुतः, दलित समूहों में जाति भाव के बजाय उनमें विकसित हो रही गतिशीलता, आर्थिक उन्नयन एवं विकास के आकांक्षी भाव से ही उनकी राजनीतिक गोलबंदी आकार ले रही है। कस्बों, शहरों और गांवों में इन समूहों की राजनीतिक गोलबंदी की प्रक्रिया को समझने के क्रम में यही महसूस होता है कि इन सामाजिक समूहों में 'जातीय मानस' की जगह आर्थिक आकांक्षाओं का मानस प्रभावी होने लगा है। दलित मानस में एक प्रकार का 'इकोनमिक्स' प्रभावी होने की प्रक्रिया तेज हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा द्वारा बीते एक दशक में दलितों के लिए आरंभ की गईं विकास योजनाओं और उनके लगभग सफल निष्पादन ने संसाधनों को उनके बीच पहुंचाया है। सरकारी संसाधनों के जनतांत्रिक विभाजन के प्रयासों ने उनके भीतर गतिशीलता के आकांक्षी भाव को सशक्त किया है। उनके दैनंदिन जीवन में रोटी एवं आवास की समस्या प्रधानमंत्री अन्न योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से कम हुई है। इससे इन सामाजिक समूहों के भीतर आगे बढ़ने की चाह और बलवती हुई है। आधारभूत समस्याओं के लगभग समाधान ने इन सामाजिक समूहों के भीतर बेहतर जीवन की आकांक्षा के भाव को मजबूत किया है। इन परिवर्तनों ने उन्हें 'दलित' से ज्यादा एक ऐसे 'लाभार्थी' समूह में बदल दिया है, जो अपनी राजनीतिक गोलबंदी तय करने के लिए 'जाति' से ज्यादा अपनी आर्थिक एवं विकास संबंधी जरूरतों को महत्वपूर्ण मानने लगा है। इन सामाजिक समूहों में एक 'लाभार्थी चेतना' विकसित होने लगी है, जो पारंपरिक जातीय चेतना को कमजोर करते हुए नई राजनीतिक गोलबंदी की दिशा निर्मित करने लगी है। 'दलित' से ज्यादा गरीब, गरीबी एवं गरीबी से मुक्ति का भाव उनकी बातचीत में मुखर होने लगा है। हाल में प्रधानमंत्री मोदी ने 'गरीबी से मुक्ति' के मिशन की बात भी की। मायावती स्वयं भी 'गरीब' शब्द 'गरीब विरोधी' राजनीति जैसे प्रत्ययों का बारंबार इस्तेमाल करने लगी हैं।

# देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर 1090 चौराहे लखनऊ से विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व उत्तर प्रदेश उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या और एमएलसी रामचंद्र सिंह प्रधान ने किया

**सूर्य प्रताप ठाकुर,**
**ब्यूरो चीफ लखनऊ**

**लखनऊः** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आधुनिक भारत के शिल्पकार, सम्पूर्ण विश्व में भारत का परचम लहराने वाले, गरीबों, पिछड़ों और वंचितों को अधिकार व सम्मान दिलाने वाले, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय व शक्तिशाली राजनेता, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार, करोड़ों देशवासियों के हृदय सम्राट यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित विशाल बाइक रैली में सम्मिलित में लखनऊ उन्नाव के विधान परिषद सदस्य रामचंद्र सिंह प्रधान के नेतृत्व में लखनऊ -उन्नाव की जनता व समस्त भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर एकत्रित होकर के उनके उद्बोधन और योजनाओं की जानकारी तथा विशाल रैली में कई





अपनी टीम के साथ जिसमें प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मधुर कुमार शर्मा के साथ प्रांजुल, विशाल शर्मा, अपूर्व शर्मा, कपिल ठाकुर, प्रदुम, शुभम शर्मा, मोहित ठाकुर, दिव्यांश पाण्डेय इत्यादि सक्रिय कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

आयोजन लखनऊ के 1090 चौराहे से लेकर मुख्यमंत्री आवास होते हुए। हजरतगंज चौराहा ,भाजपा प्रदेश मुख्यालय , चारबाग, आलमबाग, बांग्ला बाजार ,होते हुए कैंट रोड से गुलिस्तान कॉलोनी में समापन हुआ तक विशाल रैली का दूर दराज से आए हैं समस्त कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। रैली में आए हुए सभी कार्यकताओं ने अपने सर्वोच्च नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दीघार्यु कामना की।

# श्री संत सेना महाराज की पुण्य तिथि के अवसर पर कल्याण शहर में नाभि समाज के छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया

**प्रतिनिधि,सुनील श्रीवास्तव**

**कल्याणः** विगत दिनों कल्याण नाभि समाज उन्नति मंडल द्वारा श्री संत सेना महाराज की पुण्य तिथि के अवसर पर कल्याण शहर में नाभि समाज के छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता सम्मानित श्री वरुण सदाशिव पाटील, मा.नगरसेवक, स्थायी समिती सदस्य एवं अध्यक्ष, भाजपा कल्याण पश्चिम मंडळ ने की।

इस अवसर पर उपस्थित होकर सम्मानित अतिथियों ने श्री संत सेना महाराज की छवि को नमन किया तथा कल्याण नाभि समाज उन्नति मंडल को पिछले 48 वर्षों से इस कार्यक्रम को जारी रखने के लिए बधाई दी।

श्री वरुण पाटिल अपने वक्तव्य में कहा कि संत शिरोमणि संतसेना जी महाराज की पुण्यतिथि मना रहे हैं, मैं उनके जीवनकाल के दौरान उनके द्वारा साझा किए गए ज्ञान और मार्गदर्शन के लिए अपनी गहरी श्रद्धा और कृतज्ञता के भाव व्यक्त






करते हुए उन्हें सादर नमन करता हूं। आगे उन्होंने कहा कि इस पवित्र अवसर पर आइए हम उनके द्वारा किए गए गहन पाठों और मूल्यवान भावों पर विचार करें। क्या हम उनके द्वारा दिखाए गए धार्मिकता, सहानुभूति और आंतरिक शांति के मार्ग पर चलने का प्रयास कर सकते हैं जिसकी उन्होंने जोरदार वकालत की। ऐसा करके, हम वास्तव में उनकी विरासत को श्रद्धांजलि दे सकते हैं और उनकी दिव्य उपस्थिति को अपने दिलों में जीवित रख सकते हैं।

गणमान्य अतिथियों ने संदेश देते हुए उन्होंने प्रकाश डाला कि सेना महाराज जी की शिक्षाएँ हमारे जीवन को रोशन करती हैं और अंधकार के समय में सांत्वना प्रदान करती हैं। आध्यात्मिकता के प्रति उनकी अटूट भक्ति, सभी जीवित प्राणियों के प्रति उनकी करुणा और मानवता के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा हम सभी के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्त्रोत है। आओ हम सभी संतसेना महाराज जी को श्रद्धा और प्रेम से याद करें और उनके उद्देश्य और सदाचार के साथ जीवन जीने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को भी नवीनीकृत करें। दोस्तों स्मरण रहे नके शिक्षाएँ हमें आध्यात्मिक ज्ञान और सार्वभौमिक सद्भाव के मार्ग की ओर चलने के लिए प्रेरित करती हैं।


राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३


# 52 वीं के.वि.सं. संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता 2023 बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय को सम्मान दिलाया

बॉक्सिंग रिंग में अमन वर्मा की हालिया उपलब्धियों ने न केवल केंद्रीय विद्यालय को गौरवान्वित



किया है, बल्कि अपनी चाहने वालों सहित कई लोगों को प्रेरित भी किया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि मुक्केबाजी की दुनिया में अभी अमन वर्मा की यात्रा की शुरूआत हुई है। आने वाले वक्त में इस खेल में अमन वर्मा के निरंतर सफलता और प्रगति को पुणेवासी देख रहे हैं बॉक्सिंग के प्रति अमन का जुनून और अटूट प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है। इस उल्लेखनीय जीत पर उनके चाहने वालों ने उन्हें बधाई दी।

# मुंबई में सड़क पर वाहन चलाना अब होगा और भी महंगा

**मुंबईः** अगर आप अपनी फोर व्हीलर गाड़ी लेकर मुंबई में आते हैं या मुंबई से बाहर जाते हैं तो अब आपको अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी क्योंकि टोल के दरों को बढ़ाने का फैसला किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, इस बार करीब 19 फीसदी तक टोल में बढ़ोतरी की गई है। मुंबई में दाखिल होने के लिए कुल पांच टोल गेट हैं। इन सभी टोल गेट पर टोल कलेक्शन सेंटर है। बता दें कि एक टोल नाका दहिसर, दूसरा एलबीएस रोड-मुलुंड, तीसरा ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे-मुलुंड, चौथा ऐरोली क्रीक ब्रिज और पांचवां वाशी में है। जानकारी दे दें कि हर 3 साल में टोल की दरों में संशोधन किया जाता है। आखिरी बार अक्टूबर 2020 में टोल की दरों में संशोधन किया गया था। सरकार द्वारा जारी नए नोटिफिकेशन के मुताबिक, मुंबई में टोल की दरें 12 से करीब 19 फीसदी तक बढ़ेंगे। ये बढ़ाई गई दरें 1 अक्टूबर से लागू की जाएंगी। हल्के मोटर वाहन या यात्री कारों के लिए सिंगल रुट पर टोल 5 रुपये महंगा होगा, यानी 40 रुपये के बजाय 45 रुपये टोल देना होगा।




# 17 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में नए संसद भवन के गज द्वार पर झंडा फहराया गया

**विशेष प्रतिनिधि**

**नई दिल्लीः** नए संसद भवन के उद्घाटन के तीन महीने से अधिक समय बाद, संसद सदस्य विशेष सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भवन में जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 18 से 22 सितंबर के बीच होने वाले संसद के विशेष सत्र की पूर्व संध्या पर सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को इस कदम के बारे में जानकारी दी।

ह्लपहले दिन, सत्र पुराने संसद भवन में आयोजित किया जाएगा। अगले दिन, 19 सितंबर को एक फोटो सत्र होगा, जो आमतौर पर लोकसभा के कार्यकाल की समाप्ति के लिए आरक्षित होता है। फिर सुबह 11 बजे सेंट्रल हॉल में समारोह होगा. इसके बाद हम नई संसद में प्रवेश करेंगे. संसद सत्र 19 सितंबर को नई संसद में शुरू होगा और 20 सितंबर से वहां नियमित सरकारी कामकाज शुरू होगा, ह्श्री जोशी ने ढाई घंटे की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए कहा।

महाराष्ट्र शासन




**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# मराठवाडा मुक्तिसंग्राम अमृत महोत्सव ७५



एकनाथ शिंदे
मुख्यमंत्री



## प्रतिज्ञा

स्वतंत्र भारताचे नागरिकत्व देणाऱ्या आणि
वैभवशाली महाराष्ट्राशी जोडणाऱ्या मराठवाडा मुक्तिसंग्रामाचा
आम्ही सार्थ अभिमान बाळगू...

---

हा मुक्तिसंग्राम अनेक ध्येयवादी स्वातंत्र्यसैनिकांच्या
अमूल्य बलिदानातून आणि जनतेच्या सक्रिय पाठिंब्यातून
सिध्द झाला आहे, याची आम्ही कृतज्ञतापूर्वक जाणीव ठेऊ...

---

सार्वभौम भारताचे नागरिक म्हणून महाराष्ट्र धर्म पाळताना
मराठवाड्याच्या भूमीला समृद्ध करण्यासाठी,
आम्ही सदैव सानंद वचनबद्ध राहू...

## मराठवाडा मुक्तिसंग्रामातील हुतात्म्यांना विनम्र अभिवादन!



देवेंद्र फडणवीस
उपमुख्यमंत्री

एकनाथ शिंदे
मुख्यमंत्री

अजित पवार
उपमुख्यमंत्री

www.mahasamvad.in MaharashtraDGIPR MahaDGIPR | माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, महाराष्ट्र शासन

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C३६११

# सिंधोरा गंगा घाट पर पीपा पुल लगने की बढ़ी उम्मीद !

## पुल लगने के लिए जरूरी 82 पीपा (पाष्टून) पहुंचा सिंघोरा घाट

**मिर्जापुर।** वर्षों से चला आ रहा सीखड क्षेत्रवासियों के पीपा पुल लगने को लेकर इंतजार इस वर्ष खत्म हो जाने की पूरी संभावना दिखाई दे रही इस वर्ष सीखड़ सिंघोरा घाट पर पीपा पुल लगने की संभावना बढ़ती दिखाई दे रही है क्योंकि पीपा पुल में उपयोग किया जाना वाला जरूरी पीपा सिंघोरा पड़ रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अभियंता देव पाल ने बताया कि अभी विभाग में संबंधित अधिकारी का पद खाली हैं। जैसे ही शासन से संबंधित



है। पिछले साल ही सिंघोरा सीखड गंगा घाट पर पीपा पुल लगाया जाना था लेकिन कुछ कारणों से यह सभव नहीं हो पाया था और इसके लिए क्षेत्रवासियों द्वारा जन प्रतिनिधियों से अपनी मागे रखी मांगे साथध्क हुआ घाट पर पहुंच चुका है ।

अभी तक पीपा पुल न होने से क्षेत्रवासियों को मुख्यालय जाने के लिए चुनार से या कछवा से घूम कर जाना पड़ता था जिससे करीब 15 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करना पद पर अधिकारी नियुक्त कर दिया जाएगा वैसे ही टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ कर पुल निर्माण का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। क्षेत्रीय लोगों में पिपा पुल लगने को लेकर काफी प्रसन्नता दिखाई दे रही है।

# असरफ अली (सद्दाम) राष्ट्रीय अध्यक्ष से रवि शर्मा मलाई ने की शिस्टाचार मुलाकात

**जौनपुर,** युवा ही बदलेंगे समाज का तस्बीर युवा क्रांतिकारी समाज सेवक व युवा नेता व समाज सेवा एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट

के राष्ट्रीय अध्यक्ष असरफ अली (सद्दाम ) से डॉ.रवि कुमार शर्मा मलाई ने की शिष्टाचार मुलाकात और समाज में फैल रही कुरूतियों को समाप्त करने के लिए किये चर्चा और सद्दाम ने कहा भारत युवा देश है इस लिए युवाओ को और समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करना चाहिए उसके लिए हम युवाओ को एक जुट करने के लिए पूरा प्रयास करुगा सद्दाम ने युवा साथी रवि शर्मा से सामाजिक ,आर्थिक राजनीतिक विकास के लिए किये चर्चा रवि शर्मा ने कहा आप के साथ सभी युवा साथी है आप का जब भी आवाज आयेगा सभी युवा एक साथ खड़े रहेंगे ! सद्दाम जी अपने क्षेत्र के विकास के लिए सदैव खड़े रहते हैं और आगे भी खड़े रहेंगे ! रवि शर्मा



ने शाल और एक बुक देकर सद्दाम का किये स्वागत ! रवि ने कहा अपनो को सम्मान देकर ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है ! रवि ने कहा सद्दाम जी इतने कम उम्र में अपने कार्यो से पहचाने जाते है !

**ए तकदीर आ बैठ मेरे करीब**
**कुछ पल**
**तुझ... पर कुछ**
**अल्फाज लिखूं सकू लिखूँ दिल**
**का सुकून**
**या**
**बेचेनिया.. या खब्बो ख्याल**
**लिखूँ सकू। जो ना आँखों से**
**छलकते ना कलम की स्याही**
**पर उतरते**
**हैं...!!**
**बस**
**ये दिल में मचलते हैं वो बात**
**लिख सकू**



**सविता मोदी**
**(मंडला, म.प्र.)**

# नायी समाज के सुप्रसिद्ध गायक संजय शर्मा को बिहार में मिला पद्मश्री जूनियर भिखारी ठाकुर सम्मान....

अति प्राचीन बाबा धर्मदास धाम जनपद मुंगेर बिहार प्रदेश के वार्षिकोत्सव महोत्सव में हुआ नाई, सेन, शर्मा,ठाकुर,सविता नन्द श्रीवास्तव, श्रीवास, नंदा समाज का विशाल संगम !जिसमे भारतवर्ष के 7 राज्यों के नाई समाज के संगठन के लोगों ने लिया हिस्सा !

जिसमे प्रमुख रूप से झारखण्ड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, असम, इत्यादि !

बाबा धर्मदास धाम न्यायगढ़ी जनपद मुंगेर बिहार समिति अध्यक्ष श्री महेश ठाकुर, उपाध्यक्ष श्री टुनटुन ठाकुर, सचिव श्री विनोद ठाकुर समिति सलाहकार श्री दशरथ ठाकुर न्यायगढ़ी समिति के सभी सदस्यों ने अन्य प्रदेश के लोगों का स्वागत करते हुए! आगंतुक मेहमानों को उनके समाज के प्रति कार्यों को देखते हुए !विशेष मानध उपाधि सम्मान से सम्मनित किया !जिसमे उत्तर प्रदेश प्रयागराज जनपद से सुप्रसिद्ध गायक और उद्घोषक संजय शर्मा को रंगमंच और लोक विधा के जनक भिखारी ठाकुर के नक़्शे कदम पर चलकर अपने गीत संगीत के माध्यम से जन मानस को जागरूक और नाई का गौरवमई इतिहास बताने के लिए !पद्मश्री भिखारी ठाकुर जूनियर मानध



उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया! और वहीं प्रयागराज उत्तर प्रदेश के नीरज शर्मा को युवाओं को जागरूक करने के लिए वरिष्ठ युवा समाजसेवी के सम्मान से सम्मानित किया गया !वास्तव में संजय शर्मा और नीरज शर्मा ने ये सम्मान प्राप्त कर पूरे उत्तर प्रदेश के नाई समाज का सम्मान बढ़ाया है !

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे श्री सी. के. ठाकुर जी (राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष झारखण्ड प्रदेश ) अतिविशिष्ट अतिथि रहे उत्तर प्रदेश प्रयागराज से सुप्रसिद्ध गायक और उद्घोषक श्री संजय शर्मा सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार! और विशिष्ट अतिथि श्री पंकज ठाकुर (राष्ट्रीय सविता महासभा आसनसोल पश्चिम बंगाल )

अन्य अतिथिगणों में शामिल रहे !श्री नीरज शर्मा उत्तर प्रदेश, श्री धर्मेंद्र ठाकुर गुजरात प्रदेश, श्री अर्जुन ठाकुर राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष बिहार प्रदेश, श्री परमानन्द सविता असम प्रदेश, श्री रविंद्र ठाकुर छत्तीसगढ़ प्रदेश श्री रामानंद ठाकुर उड़ीसा प्रदेश, श्री सुमित सेन नन्दवंशी मध्यप्रदेश आदि लोग प्रमुख रहे !

कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया !

# भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति का भदोही जिला की बैठक संपन्न

भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था का भदोही जिला इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष श्री कैलाश नाथ शर्मा के नेतृत्व में श्री राजेश कुमार शर्मा पूर्व प्रधान/जिला संगठन मंत्री के निजी आवास पर संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री लाल जी शर्मा (पूर्व प्रधानाध्यापक) ने किया संचालन श्री बच्चन लाल शर्मा (संरक्षक / सलाहकार) ने किया मुख्य वक्ताओं में श्री शैलेंद्र शर्मा (संस्था प्रभारी/ मुख्य



सचिव) प्रधान महासचिव मनोज कुमार जी ,मंडल अध्यक्ष अवधेश जी जिला कोषाध्यक्ष भदोही डा०कलेंदर शर्मा डा०शैलेश शर्मा, विशाल शर्मा , विनोद शर्मा एवं संस्था के पदाधिकारी ने संगठन को मजबूती प्रदान करने शिक्षा एवं समाज की व्याप्त कुरीतियों के बारे में अपना वक्तव्य दिए.

**नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा**
**संस्था प्रभारी /**
**मुख्यसचिव**

# मुंबई, ठाणे और पालघर समेत महाराष्ट्र के कई हिस्सों में होगी मूसलाधार बारिश, येलो अलर्ट जारी...

**महाराष्ट्र :** मौसम विभाग ने गुरुवार को 15 सितंबर के लिए मुंबई, ठाणे, पालघर आदि और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों के लिए पीला अलर्ट जारी किया. मुंबई में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा, ''अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है.''मौसम विभाग ने मौसम बुलेटिन में सिंधुदुर्ग, नासिक, पुणे और अहमदनगर के लिए ग्रीन अलर्ट भी जारी किया है.

**आपके शहर में कैसा रहेगा मौसम ?**

आईएमडी ने शनिवार को पालघर, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की भविष्यवाणी की है. मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, नागपुर, गोंदिया, भंडारा में अलग-अलग स्थानों पर बिजली के साथ गरज के साथ बारिश जारी रहने की संभावना है. गोंदिया, भंडारा, नागपुर में कुछ स्थानों पर,



चंद्रपुर, गढ़चिरौली, वर्धा, यवतमाल में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना है. अमरावती, अकोला, वाशिम और बुलढाणा में अलग-अलग स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है.

मानसून मुंबई और इसके आसपास के इलाकों सहित महाराष्ट्र में वापस आ गया है. आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तरी कोंकण, दक्षिण कोंकण, गोवा, उत्तर मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, पूर्वी विदर्भ और पश्चिम विदर्भ सहित महाराष्ट्र के सभी क्षेत्रों में व्यापक वर्षा होने की उम्मीद है. मुंबई और इसके आसपास के इलाकों में अगले 24 से 48 घंटों के दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं और शहर और उपनगरों में हल्की बारिश की संभावना है. अधिकतम तापमान 32-33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है.

# अति महत्वपूर्ण सुचना

1अक्टूबर 2023 को तैयारी समिति की बैठक, समय - 11 अट से दीनदयाल उपाध्याय मार्ग नई दिल्ली मे होगी।

स्थान की जानकारी पुनः दी जायगी। आयोजन समिति के ''राष्ट्रीय संयोजक मण्डल सदस्य'' तत्काल अपनी उपस्थित सुनिश्चित करने कि व्यवस्था करे इस आयोजन में अतिपिछड़ा वर्गो के सभी जातिय संगठन और अतिपिछड़ा संगठनो के प्रतिनिधी सदस्य सादर आर्मत्रित है। बैठक मे मुख्य बिषय राष्ट्रीय स्तर पर (ओबीसी 52%आबादी मे) 45% अतिपिछड़ा वर्ग आबादी को संविधान के संवैधानिक संख्या अनुपात आरक्षण लागु कराने के लिए आन्दोलन को गतिमान करने हेतु राष्ट्रीय आंदोलन कि रूप रेखा तैयार कर 17 फरवरी 2024 तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली मे जननायक कर्पुरी ठाकुर जी 100 जन्मशताब्दी सभा का राष्ट्रीय आयोजन सहः पिछड़ावर्ग 52% आबादी मे 45% अतिपिछड़ा वर्ग आबादी को संख्या अनुपात मे आरक्षण लोकसभा चुनाव से पहले सरकार और विपक्षी दल लागु कराये? घड़ियाल आशु और अश्वासन नही वरणा अति पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय मतदान का विरोध करने हेतु विचार विमर्श हेतु बैठक दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को दिल्ली मे बैठक आहुत कि जा रही है । आयोजन समिति के ''राष्ट्रीय संयोजक मण्डल सदस्य'' तत्काल अपनी उपस्थित सुनिश्चित करे। इस बैठक में अतिपिछड़ा वर्गो के सभी जातिय संगठन और अतिपिछड़ा संगठनो के लम्बित संवैधानिक नियमानुसार संख्या अनुपात आरक्षण आन्दोलन को गतिमान करने के लिए राष्ट्रीय आंदोलन कि रूप रेखा तैयार करने पर विचार-विमर्श होगा।

''जय अतिपिछड़ा वर्ग, जय डॉ लोहियाँ, जय पेरियार, जय पदमनंद, जय कर्पुरी'',

आपका साथी
स्याम नन्दन ठाकुर
राष्ट्रीय महासचिव सहः
संयोजक मण्डल सदस्य कार्यक्रम
राष्ट्रीय अतिपिछड़ा अधिकार मंच
(अनुसंधान एवं योजना विभाग) राम
RAAM

**बिषयः** 17 फरवरी 2024 तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली मे जननायक कर्पुरी ठाकुर जी 100 जन्मशताब्दी सभा का राष्ट्रीय आयोजन सहः पिछड़ावर्ग 52% आबादी मे 45% अतिपिछड़ा वर्ग आबादी को संख्या अनुपात मे आरक्षण लोकसभा चुनाव से पहले सरकार और विपक्ष पक्ष दल लागु कराये... घड़ियाल आशु और अश्वासन नही वरणा अति पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय मतदान का विरोध करने हेतु विचार विमर्श हेतु बैठक दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को दिल्ली मे बैठक आहुत कि जा रही है ।

समस्त भारत #राष्ट्रीय स्तर पर पिछड़ा वर्गो के जातिय संगठन अत्यंत पिछड़ावर्ग एइउ जो आज 45% जनसंख्या वाला अत्यंत पिछड़ा वर्ग में आने वाले जातीय जैसे :-कश्यप, कहार,चंद्रवंशी, पाल, गड़ेरी,भेडिहर, धीवर, केवटी वंशी, निषाद, विंद, केवट, मल्लाह, तुरहा, शबाथम, नोनिया, चौहान, माली, मालाकार, सैनी, रज, राजभर, विश्वकमार्वंशी, बरई, बढ़ई, विश्वकर्मा, पांचाल, लोहार, धुनिया, नाई, ठाकुर, सेन,सविता,शर्मा,नन्दवंशी, मौर्यवंशी, पालवंशी, पाल,गड़ेरी, भेडिहर,प्रजापतिवंशी, कुम्हार, कुम्भकार,पंडित,पासमांदा, कश्यप, धीवर, रजवार, साव,भरभुजा, कानू, हलवाई,नामदेव,दर्जी,शाक्य मौर्या, राइन, कुंजरा, कबाड़ी, अबदल,चिक, कसाई, डफाली, धुनिया ,बुनकर और श्रमकार वर्गो से संगठित एवं असंगठित क्षेत्र श्रमिक वर्ग एवं अनेको जातीय संगठनो इत्यादि कि यहाँ उपर वर्णित जातियों को लोकसभा और विधान सभा मे उपस्थिती 0% है ।

जबकी 1952 से लेकर 2023 तक लोकसभा के 545 सदस्यों में 130 के लगभग अनु सूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्य टढ, सांसद प्रतिनिधित्व लोक सभा में 5 साल के अंतराल में जाते रहते है, उसी प्रकार पूरे भारत के प्रान्तीय विधानसभा में लगभग अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के टोटल सदस्यों की संख्या 4120 है।

परन्तु अतिपिछड़ा वर्गो कि कुल जनसंख्या45% है और लोकसभा, विधानसभा, कार्यपालिका और राजकीय सेवाओ मे इस वर्ग कि संख्या 0ड़03% भी नही है ? श्री जितेन्द्र सिंह राज्य मंत्री भारत सरकार,कार्मिक,एवं पेंशन विभाग के द्वारा यह रिपोर्ट 31 मार्च 2022 को आँकड़ा पेश कर जानकारी दी गई । जिसमें 43 विभाग शामिल है रेल और डाक को छोड़कर जो लोकसभा मे ऑन रिकार्ड है। जिसमे साफ कहा गया कि अतिपिछड़ा वर्गो का कोई डेटा नही है और न रखा जाता है ।

क्या यही सामाजिक न्याय है की उपरोक्त वर्णित जातियों को विधान सभा,लोकसभा में सदस्यों की संख्या शून्य है । क्या यही समाजिक न्याय है .. इस तरह से के ऑकड़े के अनुसार देश के तमाम 45% जनसंख्या वाला अत्यंत पिछड़ा वर्ग में आने वाले जातीय संगठन को उपरोक्त संवैधानिक नियमानुसार संवैधानिक अधिकार के तहत समान अवसर भागीदारी के विषय पर विचार-विमर्श के दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को दिल्ली मे बैठक आहुत कि जा रही है ।

पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्गो के जातिय संगठन क सभी सामाजिक संगठनो से अपील है कि कई उपरोक्त बिषय पर अपना अपना बिहार रखे इस बिषय पर विचार-विमर्श के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संयोजक मण्डल मे यथासंभव सदस्य तत्काल प्रतिनिधित्व कर रहे है। ::::: सर्व श्री चन्द्रपाल सिंह शाहदरा दिल्ली, श्री गणेश पाल गाजियाबाद दिल्ली, श्री गजेन्द्र सिह पाल, आन्द बिहार दिल्ली, श्री लोकेश कुमार दिल्ली, डॉ जबाहर प्रसाद करोलबाग दिल्ली,श्री विनय भुषण छात्र नेता जेएनयू दिल्ली,श्री एस के श्रीवास्तव दिल्ली, श्री सर्वजीत सिंह खण्डसार दिल्ली, श्री अशोक कुमार, दिल्ली, प्रो० सत्येन्द्र कुमार ठाकुर,''राष्ट्रीय संयोजक'' सम्राट अशोक वंशज संघ भारत, द्वारिका दिल्ली, डॉ रणवीर सेन,पूर्वी दिल्ली, श्री संदीप पाल गाजियाबाद दिल्ली, श्री नरेश सेन हरियाणा,श्री मंजीत भाटी हिसार हरियाणा, श्री तकदीर सिंह टोहाना हरियाणा, श्री तेजपाल सेन भिवानी हरियाणा, बडे भाई श्री राज नाथ नंद राष्ट्रीय सहः संयोजक द्रविण कम्यूनिटी आफ इंडिया फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश, श्री भानु भाई नंदवंशी लखनऊ उत्तर प्रदेश,श्री बाबू सुशील न्यायी,राष्ट्रीय अतिपिछड़ा अधिकार मंच (अनुसंधान एवं योजना विभाग) राम फ्क्ष्अट, लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश, श्री विनेश ठाकुर, संस्थापक,सम्पादक दैनिक विधान केसरी,बिजनौर उत्तर प्रदेश, श्री गौरव नाथ, नंद, कर्पूरी ठाकुर विचार मंच (मैनपुरी करहैल) उतरप्रदेश,श्री भानु नंदवंशी ईटावा उत्तर प्रदेश, श्री भूपेन्द्र नन्दवंशी आगरा उत्तर प्रदेश, श्री रामदास सविता ईटा उत्तरप्रदेश,श्री नागेन्द्र जालेसर ईटा उत्तर प्रदेश,श्री रघुपति विश्वकर्मा कानपुर उत्तर प्रदेश, श्री बी के सिंह ओरई उत्तर प्रदेश, श्री ओमप्रकाश ठाकुर सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश, श्री रामबहादुर शर्मा प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश, श्री रवि सेन इलाहाबाद उत्तर प्रदेश, श्री फुलचन्द्र जी बहराइच उत्तर प्रदेश,श्री विनोद कुमार सविता आगरा, उत्तर प्रदेश, श्री दयाशंकर शर्मा कानपुर उत्तर प्रदेश,श्री सत्य नारायण सिंह कानपुर उत्तर प्रदेश,श्री ऋषि नंदवंशी फरुर्खाबाद उत्तर प्रदेश, श्री गोपाल ठाकुर वालिया यूपी,श्री दीपक ठाकुर कन्नौज यूपी,श्री प्रीतम ठाकुर बहराइच उत्तर प्रदेश,श्री पंकज ठाकुर गाजीपुर उत्तरप्रदेश,श्री रजनीश श्रीवास्तव शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश, श्री यशपाल सिंह विश्वकमार्वंशी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश, श्री मुकेश श्रीवास्तव कानपुर उत्तर प्रदेश, श्री मुकेश कुमार ठाकुर गढवा झारखंड,श्री कमलेश ठाकुर बोकारो झारखंड,श्री धर्मेद्र ठाकुर बोकारो झारखंड, प्रो सि के ठाकुर धनबाद झारखंड, श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा धनबाद झारखंड श्री मुकेश कुमार ठाकुर गढवा झारखंड, श्री संतोष सोलंकी भोपाल मध्यप्रदेश, श्री राजकुमार प्रजापति इंदौर मध्यप्रदेश, डॉ रामसखा नापित,रीवा मध्य प्रदेश, श्री शिवकुमार सेन जयपुर मध्य प्रदेश, श्री गजेन्द्र सेन (गुज्जू) उमरिया मध्यप्रदेश, श्री प्रेमालाल सेन हरदुआ रिवा मध्य प्रदेश, श्री राकेश गलोत मनसा निचम मध्य प्रदेश, श्री राजकुमार सोलंकी, पूना महाराष्ट्र, श्री छोटेलाल शर्मा,संपादक - सप्ताहिक, कदम कदम पर, मुम्बई महाराष्ट्र, श्री संतोष कुमार कल्याण महाराष्ट्र, श्री शिव प्रसाद शर्मा महाराष्ट्र, श्री अनिल शर्मा, उपसंपादक, सप्ताहिक, कदम कदम पर, मुम्बई महाराष्ट्र, श्री रामायण ठाकुर सिप्पा अरूणाचल प्रदेश, डॉ विजय भगत जम्मू-कश्मीर, श्री विकास कुमार दार्जिलिंग बंगाल, श्री अमरेश ठाकुर अध्यक्ष भारतीय नाई समाज भारत (उड़ीसा) श्री जितेन्द्र ठाकुर राष्ट्रीय अतिपिछड़ा अधिकार मंच (अनुसंधान एवं योजना विभाग) राम फ्क्ष्अट पटना, श्री शिवनाथ प्रसाद ठाकुर गया बिहार, श्री बिन्देश्वरी प्रसाद ठाकुर राष्ट्रीय अध्यक्ष अति पिछड़ा उपेक्षित वर्ग संघ भारत (मुजफ्फरपुर) बिहार,प्रो विश्वनाथ ठाकुर आरा भोजपुर बिहार,प्रो श्रीकांत ठाकुर लखीसराय बिहार,श्री गौतम बिद्धायार्थी औरंगाबाद बिहार,श्री बबन बिन्द दुल्हिन बजार पटना बिहार,श्री अमरनाथ पाल बिहटा पटना बिहार,श्री उपेन्द्र कुमार बिन्द मसौढ़ी पटना बिहार, श्री देवकिशुन ठाकुर भुसौला दानापुर पटना बिहार, श्री जयकिशोर कुमार निराला,अध्यक्ष जननायक कर्पुरी ठाकुर सेवा संस्थान, भारत, श्री विजय कुमार चौधरी,अध्यक्ष राष्ट्रिय अतिपिछड़ा आरक्षण बचाओ मोर्चा,श्री उमेश ठाकुर सचिव कर्मचारी संघ गोपगुट,जफरपुर बिहार, श्री टिन्कु कुमार मसौढ़ी पटना बिहार, श्री शेषनाग ठाकुर अरवल पटना बिहार, श्री प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी गया बिहार, ई० शैलेन्द्र कुमार ठाकुर पूर्णिया बिहार, श्री अशोक कुमार ठाकुर पूर्णिया बिहार, श्री मनोज ठाकुर छपरा बिहार, श्री उमेशवर ठाकुर सिवान बिहार, श्री सुनिल कुमार गोह गया बिहार, श्री रविन्द्र ठाकुर मॉझी छपरा बिहार, श्री बिनोद बिहारी मंडल,सीतामढ़ी,बिहार,श्री विनय चंचल,डेहरी ऑन सोन रोहतास बिहार,श्री रामाअषिश ठाकुर अधिवक्ता पटना बिहार,श्री बिद्धानंद ठाकुर, गया बिहार, श्री रामचन्द्र आजाद राष्ट्रीय अध्यक्ष,अतिपिछड़ा विकास संघर्ष समिति भारत, औरंगाबाद बिहार, श्री जितेन्द्र पंडित, मधेपुरा बिहार, श्री दिनेश पंडित मधेपुरा बिहार, श्री ब्रजकिशोर ठाकुर पूर्णिया बिहार,श्री रामलखन ठाकुर सीतामढ़ी बिहार,श्री अजय कुमार चन्द्रवंशी गया बिहार, ई० अजय कुमार जहानाबाद बिहार, डॉ शिवशंकर शर्मा नालन्दा बिहार, डॉ अशोक कुमार नवादा बिहार, श्रमिक नायक श्री बीरेन्द्र कुमार ठाकुर पटना बिहार, श्री कंचन यादव पटना बिहार,श्री सुरेन्द्र प्रसाद शम्भु सुर्यगाढ़ा लखीसराय बिहार,श्रीकमलेश चन्द्रवंशी गया बिहार, श्री प्रदीप ठाकुर गया बिहार, श्री ओम प्रकाश अग्रवाल पटना बिहार, श्री नन्दकिशोर ठाकुर गया बिहार, श्री अशोक कुमार पाल पटना बिहार इत्यादी सभी साथीओ से उपरोक्त कार्यक्रम 17 फरवरी 2024 ताल - कटोरा स्टेडियम दिल्ली मे जननायक कर्पुरी ठाकुर जी 100 वीं जन्मशताब्दी सभा का राष्ट्रीय आयोजन सहः पिछड़ा वर्ग 52% आबादी मे 45% अतिपिछड़ा वर्ग आबादी को संख्या अनुपात मे आरक्षण लोक सभा चुनाव से पहले सरकार और विपक्षपक्ष दल लागु कराये.. घड़ियाल आशु और अश्वासन नही वरणा अति पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय मतदान का विरोध करने हेतु विचार विमर्श पर अपना सुनिश्चित विचार रखे। उक्त कार्यक्रम को सफलता हेतु और भी सम्मानित विद्धान सदस्यो का नाम जोडा जायगा जिन साथीओ को जहाँ भी आवश्यकतानुसार जरूरत महसूस हो. विचार विमर्श के संबंध मे वाट्सएप नम्बर 8541042153 पर विचार भेजने का कष्ट करेंगे। (नोट 1अक्टुबर 2023 को तैयारी समिति की बैठक जगह और समय की जानकारी पुनः दी जायगी। तथा अपने नाम संस्थान के नाम शुद्धीकरण के सुझाव भेजे का कष्ट करे ।

**आपका साथी**
**स्याम नन्दन ठाकुर**
राष्ट्रीय महासचिव सहः
संयोजक मण्डल सदस्य कार्यक्रम
राष्ट्रीय अतिपिछड़ा अधिकार मंच
(अनुसंधान एवं योजना विभाग) राम
RAAM

# विश्वकर्मा समाज अर्थव्यवस्था की रीढ़



मुंबई। श्री विश्वकर्मा महापूजा के अवसर पर कारीगर समुदाय के लिए शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना की लांचिंग प्रसारण कार्यक्रम सांताक्रुज(पूर्व) स्थित विश्वकर्मा समिति हॉल में रखा गया। लाइव प्रसारण उपरांत भाजपा के वरिष्ठ नेता आर यू सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा की कृपा हम सब पर है। वे निर्माण के देवता हैं। वे हमारी सृष्टि के सर्वोच्च वास्तुकार हैं। श्री विश्वकर्मा महापूजा के दिन देश के कारीगर समुदाय के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की लांचिंग से पारंपरिक रोजगार को नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज का देश के विकास में अहम योगदान है। कारीगर वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। भाजपा मुंबई उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा कि ऋग्वेद में भगवान विश्वकर्मा को दुनिया के सबसे बड़े कारीगर के रूप में उल्लेख किया गया है। सभी मशीनरी व अन्य वस्तुओं का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने किया है। भाजपा मुंबई मंत्री प्रतीक करपे ने कहा कि विश्वकर्मा समाज का गौरव प्राचीन और ऐतिहासिक है। विश्वकर्मा समाज के लोग मेहनती और ईमानदार हैं। भाजपा सरकार विश्वकर्मा समाज के उत्थान के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगी।

इस अवसर पर भाजपा मुंबई प्रवक्ता अजय सिंह, भाजपा कालीना मंडल अध्यक्ष चंदू मोरे, गंगाराम विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, शिवपूजन सिंह,संजय विश्वकर्मा, पप्पू विश्वकर्मा, उपेंद्र विश्वकर्मा, राजन विश्वकर्मा, अशोक पांडेय,लल्लूराम विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाजजन उपस्थित रहे।

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2027-28 के बीच पांच वर्षों में 13 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। केंद्र सरकार की इस योजना से लाभ पाने वाले कारीगरों में लोहार, बढ़ई, कुम्हार, राज मिस्त्री, धोबी, फूलों का काम करने वाले, मछली का जाल बुनने वाले, ताला-चाबी बनाने वाले, मूर्तिकार समेत 18 तरह के ट्रैडिशनल काम करने वाले कामगार शामिल हैं।

# महाराष्ट्र में 'काला जादू' अनुष्ठान में महिला से दुष्कर्म के आरोप में 5 गिरफ्तार



**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में ''परिवार की शांति और सफलता के लिए'' ''काला जादू'' अनुष्ठान के तहत कई वर्षों तक एक 35 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर बार-बार दुष्कर्म करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ये संदिग्ध, जो पीड़िता के पति के दोस्त हैं, ने उसके घर में कथित ''वास्तु संबंधी गलतियों'' को खत्म करने और काले जादू की अनुष्ठानों के माध्यम से बुरे मंत्रों का प्रतिकार करने का वादा किया और फायदा उठाया।यह कठिन परीक्षा अप्रैल 2018 में शुरू हुई, जब आरोपी ने पीड़िता को आश्वस्त किया कि उसका पति एक दुष्ट जादू के अधीन था। शांति बहाल करने के लिए उन्होंने जोर देकर कहा कि वह कुछ अनुष्ठानों में भाग लें। जब वह अकेली होती थी तो ये अपराधी उसके आवास पर आते थे, उसे ''पंचामृत'' पिलाते थे, जो वास्तव में एक नशीला पेय था, और फिर उसका यौन उत्पीड़न करते थे। ये घटनाएं ठाणे के येऊर जंगल, कांदिवली में एक धार्मिक संस्थान और लोनावाला में एक रिसॉर्ट जैसे स्थानों पर सामने आईं। यौन हमलों के अलावा, आरोपी ने पीड़िता से सोना और पैसा भी वसूला, यह आरोप लगाते हुए कि शांति, समृद्धि और उसके पति के लिए एक सुरक्षित सरकारी नौकरी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न अनुष्ठानों के लिए इनकी जरूरत थी। अपराधी कुल 2.10 लाख रुपये नकद और कीमती सोने के सामान लूटने में सफल रहे।

# ओबीसी आरक्षण पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस का बड़ा बयान

## राज्य सरकार की भूमिका के बारे में बताया...

नागपुर : राज्य सरकार का रुख है कि ओबीसी को आरक्षण में भाग नहीं लेना चाहिए. इसलिए उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने ओबीसी समुदाय से अनशन खत्म करने और कोई आंदोलन नहीं करने की अपील की है. उन्होंने यह भी कहा कि वह नागपुर में ओबीसी आंदोलन का दौरा करेंगे और उनसे अनशन खत्म करने का अनुरोध करेंगे. उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने आज नेशनल ओबीसी फेडरेशन और ऑल-यूनियन ओबीसी कुनबी ओबीसी फेडरेशन की ओर से नागपुर में क्रमिक भूख हड़ताल का दौरा किया और उनकी मांगों को समझते हुए उन्हें संबोधित किया। इस मौके पर बबनराव तायवाड़े, सुधाकरराव कोहले, समीर मेघे, परिणय फुके, आशीष देशमुख, प्रवीण दटके समेत कई अन्य नेता भी मौजूद थे.



इस मौके पर देवेन्द्र फड़णवीस ने कहा कि उन्होंने संभाजीनगर के अनशनकारियों से भी मुलाकात की. ओबीसी के लिए आरक्षण से नए प्रवेश नहीं होंगे या कमी आएगी। राज्य सरकार का यह दृढ़ रुख है कि ओबीसी के साथ कोई अन्याय नहीं किया जाएगा। मराठा समुदाय की अपेक्षा है कि वह आरक्षण वापस मिले जो मेरे मुख्यमंत्री रहने के दौरान दिया गया था। इसके लिए क्यूरेटिव पिटीशन दायर की गई है जस्टिस. भोसले समिति द्वारा सुझाए गए उपायों को भी अपनाया गया है। अब इसे लें शिंदे समिति का गठन किया गया। यह उन लोगों की जांच करने के लिए एक समिति है जो मानते हैं कि वे पहले कुनबी थे और बाद में उन्हें मराठा घोषित कर दिया गया था। इनकी रिपोर्ट एक माह में आ जाएगी। ऐसी कोई स्थिति नहीं है कि दो समुदाय एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हों और न ही सरकार ऐसी सोच रही है. देवेन्द्र फड़णवीस ने यह भी कहा कि हमारी राय है कि हर समाज की समस्याओं का समाधान स्वतंत्र रूप से होना चाहिए। हमने ओबीसी समुदाय के लिए 26 अलग-अलग जीआर तैयार किए थे। उनमें से कई निर्णय क्रियान्वित हो चुके हैं और कुछ क्रियान्वित हो रहे हैं। छात्रावासों को लेकर कल प्रत्येक जिले में बैठक हुई। कुछ जगहों पर तो उन्होंने किराये पर भी जगह लेने की तैयारी कर ली है. छात्रवृत्ति संबंधी समस्याओं का समाधान कर लिया गया है। अब ओबीसी के लिए 10 लाख घरों की मोदी आवास योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने बताया कि आपकी अन्य मांगों को लेकर आगामी सप्ताह में राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ एवं अन्य संगठनों की संयुक्त बैठक मुंबई में होगी. देवेंद्र फड़नवीस ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल विश्वकर्मा योजना लॉन्च करेंगे, जो ओबीसी के लाभ के लिए एक योजना है।

# ब्लड कैंसर के इलाज में बड़ी चुनौती...

## मैचिंग डोनर से स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की तलाश करनेवाले मरीजों में मांग और आपूर्ति में भारी अंतर



**मुंबई :** मुंबई ब्लड कैंसर के इलाज में बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। इस स्थिति को देखते हुए विशेषज्ञों ने स्टेम सेल दान के लिए गैर सरकारी संगठन डीकेएमएस बीएमएसटी फाउंडेशन इंडिया के साथ पंजीकरण करने का आग्रह किया है, ताकि जरूरतमंद संगत स्टेम कोशिकाओं की कमी से निपट सकें। मिली जानकारी के अनुसार, दुनियाभर में ४१ मिलियन से अधिक डोनर पंजीकृत हैं। हिंदुस्थान में मैचिंग डोनर से स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की तलाश करनेवाले मरीजों में मांग और आपूर्ति में भारी अंतर है। जीवनरक्षक प्रत्यारोपण चाहनेवाले भारतीय रोगियों के लिए एक उपयुक्त ब्लड स्टेम सेल दाता ढूंढ़ना एक गंभीर बाधा बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि स्टेम सेल प्रत्यारोपण में एक स्वस्थ दाता से रक्त वैंष्ठसर, थैलेसीमिया, अप्लास्टिक, सिकल सेल एनीमिया जैसे रक्त विकारों से पीड़ित रोगी में स्टेम कोशिकाओं का आधान शामिल होता है। हिंदुस्थान में स्टेम सेल प्रत्यारोपण के माध्यम से इलाज करते समय रक्त कैंसर के रोगियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एचएलए (ऊतक प्रकार) की कमी के कारण मरीजों को बीमारी की चपेट में आने से पहले उपयुक्त दाता ढूंढ़ने की होड़ में लगना पड़ता है। चिकित्सकों का कहना है कि हिंदुस्थान में हर पांच मिनट में एक व्यक्ति में ब्लड कैंसर और रक्त विकारों का पता चलता है। ऐसे में कई रोगियों को एक सफल स्टेम सेल प्रत्यारोपण के लिए एचएलए (ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन) से मेल खानेवाले दाता की आवश्यकता होती है। हालांकि, केवल कुछ ही मरीजों को उनके परिवार में एचएलए मिलानवाला डोनर मिलता है। दूसरी तरफ लगभग ७०-८० फीसदी मामलों में मरीज मैच्योर डोनर की तलाश करते हैं

# राज्य में नए वोटर बढ़े! ६.४ लाख आवेदन पात्र, ७० हजार आवेदन अपात्र

**मुंबई :** महाराष्ट्र राज्य में बढ़ते मतदाताओं की संख्या को देखते हुए राज्य में अब आगामी लोकसभा चुनाव के लिए २ हजार नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इस वर्ष राज्य में १०.३२ लाख युवाओं ने मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करने के लिए आवेदन किया है। फिलहाल, राज्य में ९६,८६६ मतदाता केंद्र हैं। अब यह संख्या बढ़कर ९८,८६६ हो जाएगी।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राज्य चुनाव आयोग को मतदाता पंजीकरण के लिए १०.३२ लाख आवेदन प्राप्त हुआ है। १०.३ लाख नए मतदाता आवेदनों में से लगभग ६.५ लाख को मंजूरी दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि आवेदन प्रक्रिया की स्क्रूटनी तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि डेटा अधूरा होने के कारण ६०,८०९



आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। अब भी ३.२३ लाख आवेदन आकलन करने की प्रक्रिया में हैं। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा के अलावा घर-घर जाकर पंजीकरण अभियान मध्यम से यह संख्या बढ़ेगी।

एक अधिकारी के अनुसार, मतदाताओं की अंतिम सूची का आकलन करने के बाद अधिक मतदान केंद्र या सहायक मतदान केंद्र स्थापित करने पर निर्णय लिया जाएगा। राज्य चुनाव आयोग को नए पंजीकरण, मतदाताओं का नाम निकालने या पता परिवर्तन के लिए कुल २३.०४ लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से १३.५ लाख को मंजूरी दी गई है और १.२२ लाख को खारिज कर दिया गया है।

वर्तमान में राज्य में ९६,८६६ मतदान केंद्र हैं और नए मतदाताओं के पंजीकरण के चल रहे अभियान के साथ लगभग २,००० मतदान केंद्र जोड़े जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग के दिशाा-ानदेर्शों के अनुसार, प्रत्येक मतदान केंद्र में शहरी क्षेत्रों के लिए अधिकतम १,५०० मतदाता और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए १,२०० मतदाता होने चाहिए। चुनाव आयोग जोर-शोर में मतदाता सूची व्यवस्थित करने में जुटी है। लगभग ७.८२ करोड़ मतदाताओं के विवरण सत्यापित किए जा चुके हैं।

# आरपीएफ कांस्टेबल ने सीपीआर देकर बचाई यात्री की

**मुंबई :** मुंबई की कुर्ला रेलवे स्टेशन पर साईनाथ मुकेश यादव ने एक यात्री की जान सीपीआर देख बचाई दरअसल मामला कुछ इस प्रकार से है प्लेटफार्म नंबर 8 पर एक यात्री की तबीयत अचानक से बिगड़ गई और उसे सीने में दर्द होने लगा और वे बेहोश हो गया मौके पर मुकेश यादव ने उसे यात्री को



सीपीआर देकर उसकी जान बचाई और उसे उपचार के लिए भेजा गया हालांकि बताया जा रहा है यात्री की तबीयत अब ठीक है ऐसे मैं मुकेश यादव की सिपीआर देने से बच्ची यात्री की जान की जितनी सारण की जाए उतनी ही काम है ।

# महाराष्ट्र के अमरावती में एक वाहन खड्डे में गिरा, तेलंगाना के चार लोगों की मौत




**अमरावती :** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में रविवार सुबह एक वाहन खड्डे में गिर गया जिससे तेलंगाना के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अविनाश बारगल ने बताया कि घटना परतवाड़ा-चिखलदरा रोड पर मोथा गांव के पास हुई। एसपी ने प्राथमिक जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि तेलंगाना के आठ लोग एक वाहन से सफर कर रहे थे तभी उनका वाहन खड्डे में गिर गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के समय कोहरा होने से दृश्यता कम थी। उन्होंने कहा कि पीड़ित संभवतः जिले के पर्यटक स्थल चिखलदरा की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में वाहन सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हैं। एसपी ने बताया कि घायलों को अमरावती के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ड्रग्स के मामले में नाइजेरियाई गिरफ्तार

**मुंबई :** डीआरआई ने पिछले महीने मुंबई में जब्त किए गए ड्रग्स के मामले में दिल्ली से एक नाइजेरियाई नागरिक को दिल्ली के उत्तम नगर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे मुंबई लाया गया और अदालत में पेश किया गया है। जहां से पुलिस ने उसे डीआरआई के हिरासत में भेज दिया है। डीआरआई की टीम मामले की अधिक जांच करने में जुटी हुई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक संबंधित मामले में जिस नाइजेरियाई आरोपी की रफ्तार किया गया है, वह इस पूरे ड्रग्स सिंडिकेट का मुख्य आरोपी है। इसी के इशारों पर कोकीन के ड्रग्स का व्यवसाय चलता था। इस व्यवसाय को चलाने के लिए आरोपी कहां से



ड्रग्स मांगता था और इसके पीछे कौन लोग होते थे, इस पूरे मामले की जांच डीआरआई की तरफ से की जा रही है। डीआरआई यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि आरोपी के साथ और कितने लोग शामिल थे जो इस व्यवसाय को चला रहे थे। इससे पहले पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिनसे पूछताछ के बाद और उनके डिजिटल उपकरणों के फोरेंसिक विश्लेषण की मदद से, डीआरआई ने नई दिल्ली से सिंडिकेट के मास्टरमाइंड पर ध्यान केंद्रित किया। इसके बाद फिर डीआरआई की टीम जांच करते हुए आरोपी तक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ममला जून महीना का है जब डीआरआई को एक कुरियर के पार्सल में से ड्रग्स मिला था। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में आरोपियों के पास मौजूद डिजिटल उपकरण जब्त कर जांच शुरू की गई और फिर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें : संध्या चंद्रसेन

## विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी ने ट्रेफिक पुलिस के साथ चौक चौराहों पर लगाई यातायात की पाठशाला







बिलासपुर, छत्तीसगढ़। विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी (उपासना एजुकेशन ट्रस्ट) जरहाभाठा और ट्रेफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से चौक चौराहों पर यातायात की पाठशाला लगाई। इस अवसर पर नर्सिंग असिस्टेंट के बच्चों ने पुलिस के साथ मिलकर लोगों को यातायात के नियम समझाकर उन्हें जागरूक किया। शहर के मंदिर चौक, नेहरू चौक, देवकीनंदन चौक और अग्रसेन चौक पर स्लोगन लिखकर तख्ती के माध्यम से राहगीरों को जागरूक किया गया। हेलमेट की अनिवार्यता बताते हुए ट्रेफिक डीएसपी संजय साहू ने हेलमेट भी प्रदान किये। साहू ने बताया कि यातायात की पाठशाला शहर के शैक्षणिक संस्थानों में निरंतर जारी है।

विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी की सचिव संध्या चंद्रसेन ने इस अवसर पर लोगों को सचेत किया कि यातायात के नियमों का पालन करके हम सुरक्षित जीवन बिता सकते हैं। ये हमारे और हमारे परिजनों के लिये भी सुकून देने वाला रहेगा। विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी की टीचिंग इंचार्ज मनीषा सैमूएल ने बताया कि शहर के मुख्य चौक चौराहों पर जाकर संस्था के विद्याथीर्यों द्वारा पोस्टर एवम हैंडी दिखाया गया।

सिग्नल के रुकने पर सभी विद्यार्थियों को हेंडी एवं पोस्टर लिए हुए लोगों को जागरूक किया।एवम साथ में नारा भी लगाया की दुर्घटना से रखनी है दूरी, तो हेलमेट लगाना है जरूरी। हेलमेट लगाओ जान बचाओ। दुर्घटना से दूरी बनाए, अपना कीमती जीवन बचाएं आदि। लोगों को हेलमेट पहनाकर जागरूक किया गया कि वे लोग हेलमेट लगाकर ही चले,तीन सवारी गाड़ी न चलाएं, शराब पीकर गाड़ी न चलाने के लिए आगाह किया गया। संस्था की सचिव संध्या चंद्रसेन ने भी यातायात सुरक्षा के विषय में लोगो को जानकारी दी। इस अवसर पर यातायात पुलिस के रामप्रताप यादव व संस्था के अध्यक्ष मिंटू अरोरा, सचिव संध्या चंद्रसेन, मनीषा सैमुअल, मानसी सिंग, दीप जोशी, अभिषेक जोशी, शिवानी, आस्था, तनुजा एवं संस्था के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र के अमरावती में भीषण सड़क हादसा... 200 फीट गहरी खाई में गिरी कार, चार लोगों की हुई मौत

**अमरावती :** महाराष्ट्र के अमरावती के मडकी गांव के पास रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक कार अनियंत्रित होकर 200 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इसमें 4 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही चार अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनकी हालात नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, रविवार को



अमरावती-चिखलदरा रोड पर मडकी गांव में एक कार के 200 फीट गहरी खाई में गई। हादसे के दौरान कार में तेलंगाना की एक बैंक अधिकारी सवार थे। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनकी मारुति अर्टिगा कार घने कोहरे के कारण नियंत्रण खो बैठी और सड़क से उतरकर मडकी गांव के पास एक घाटी में गिर गई। मृतक यात्रियों की पहचान शेख सलमान शेख चांद, शिव कृष्ण अदंकी, वैभव लक्ष्मण गुल्ली, और वनपरथी कोटेश्वर राव के रूप में की गई है। वहीं घायलों की पहचान जे श्यामलिंगा रेड्डी, सुमन कटिका, योगेश यादव और हरीश मुथिनेनी के रूप में हुई है।



वैजापुर के नगराध्यक्षा सौ शिल्पा ताई परदेशी मुख्याध्यापक, बापट सर, डेप्युटी कलेक्टर jrhad, पत्रकार प्रशांत त्रिभुवन, नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार



भुसावल में आज भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ad पुखराज जी राठोड़ के निवास पर सदिच्छा भेट, संजय sakla, सुरेश शिसोदिया, दिनेश बनबेरु, ad निलेश राठोड़, नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार


### जन्म दिन की हार्दिक बधाई



**श्री नारायणी सेना के संस्थापक अध्यक्ष, सबके चहेते, दबंग नेतृत्व ,गरीबों के मसीहा,जिन्होंने सभी राज्यों में श्री नारायणी सेना का परचम लहराया ऐसे हमारे प्रिय नेता सन्माननीय सुनीलजी गहलोत सर को जन्म दिन की हार्दिक बधाई। आपका यश ऐसे ही दिनदुना रात चौगुना बढ़े यही मां नारायणी से प्रार्थना करते है।**

**शुभेछुकः-**
**श्री विक्रमजी धुवारिया सर**
**श्री अशोकजी पवार अध्यक्ष।**
**सौ.रेखाजी टांक महिला अध्यक्ष।**
**श्री गोपालजी लीलडे।**
**श्री हर्षलजी पवार।**
**श्री के.जी.तंवर।**
**सौ.लता के तंवर।**
**सौ.पूजा रेनिवाल।**
**सौ.चन्दाजी झारोडिया**
**श्री आकाश पवार**
**और सभी मान्यवर पदाधिकारी**
**राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना**
**महाराष्ट्र प्रदेश**


## मावा और मिठाइयां बेचने वाले प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान

**मुंबई :** गणेश चतुर्थी का त्योहार करीब है तो ऐसे में मिठाइयों की दुकानों में मोदक की भरमार है। लेकिन मिठाइयों की आड़ में मिलावटखोरों की चांदी हो रही है। बाजारों में कई मिलावटी मिठाइयां बिक रही हैं तो ऐसे में मोदक संभलकर खाना होगा। इसे गंभीरता से लेते हुए मनपा के स्वास्थ्य विभाग ने मुंबई में मावा और मिठाइयां बेचने वाले प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत मिठाइयों में मिलावट करनेवाले मिलावटखोरों पर नकेल कसा जाएगा। साथ ही गणेशोत्सव, नवरात्रि, दशहरा, दिवाली और क्रिसमस जैसे त्योहारों की पृष्ठभूमि में मावा, मिठाई की दुकानों, मावा भण्डारण शीतगृहों का गहनता से निरीक्षण किया जाएगा। उक्त जानकारी मनपा में कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शाह ने दी। जानकारी के अनुसार, मिठाई में सीधे कुछ नहीं मिलाया जाता है, बल्कि इसे बनाते वक्त इस्तेमाल होनेवाले दूध, मावा, चांदी के वर्क, चीनी या तेल में मिलावट की जाती है। जैसे चांदी के वर्क में एल्यूमिनियम



मिला दिया जाता है। दूध में यूरिया, रंग, वाशिंग पाउडर मिला देते हैं। घी में चर्बी मिला दी जाती है। मावा में अरारोट, चीनी मिला दी जाती है।।

मठाइयों में मिलावट को देखते हुए त्योहार के दौरान मुंबई में मावा-मिठाई बेचनेवाले प्रतिष्ठानों का मनपा का स्वास्थ्य विभाग निरीक्षण करेगा। कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शाह के अनुसार, मनपा के सभी चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वच्छता निरीक्षकों को गणेशोत्सव, नवरात्रि, दशहरा, दिवाली और क्रिसमस त्योहारों की पृष्ठभूमि में एक सितंबर से ३१ दिसंबर तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। मनपा प्रशासन ने नागरिकों से अपील किया है कि यदि मिठाइयों का रंग बदल जाए, तेज गंध आए अथवा फंगस मिले तो ऐसी मिठाइयों का सेवन न करें। साथ ही यदि ऐसे पदार्थ मिलने पर वे मनपा के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के विभागीय चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के संज्ञान में लाएं।



**श्रीक्षेत्र नाशिक में सेन महाराज पुण्यतिथि पर पालकी को कंधा देकर पुजन करते हुए नारायणी सेना संगठन अमरावती जिला अध्यक्ष, युवक मंडल सदस्य आकाश पवार, संभाजी नगर जिला उपाध्यक्ष मोहन पवार, रोहा जिला अध्यक्ष दिलीप पवार, सन्तोष जी sakla आदी मान्यवर।।**




**सर्वसामान्यां प्रमाणे जमीन वर बसून , पोंगल सण साजरा करणा-या या महिलेची पारिवारिक संपत्ति 35,000 करोड़ आहे , या पद्म विभूषण आहेत , यांचे जावई ऋषि सुनक, इंग्लैंड चे प्रधानमंत्री आहेत....!! या आहेत सुधा कृष्णमूर्ति..!! इंफोसिस चे संथापक नारायण मूर्ति यांच्या पत्नी। आपण मात्र 10 लाख FD केली तरी जेवणासाठी जमिनीवर बसायला कमी पणा समजतो....!! खरोखर धन्य ती माऊली, त्यांचे सामाजिक विचार व त्यांचे भूमातीवरील राष्ट्रप्रेम...!!**





जिलाधिकारी मिजार्पुर को ज्ञापन आल इंडिया महापद्म नंद kamyuniti मिजार्पुर जनपद अध्यक्ष माननीय lalluprasad sharma द्वारा जिला प्रशासन द्वारा नामित अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सरकार से उचित कारवाही की मांग की गई. साथ में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी घनश्याम शर्मा जी मण्डल अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा नंद, कृष्ण मुरारी शर्मा नंद तथा अन्य सम्मानित साथी.




समाज में फैली कुरीतियों, अन्धविश्वास व पाखण्डवाद के खिलाफ जनांदोलन को आगे ले जाने वाले व सच्ची रामायण के लेखक, सामाजिक समरसता तथा समतामूलक समाज की स्थापना करने वाले पेरियार ई. वी. रामासामी नायकर जी की जयंती पर उन्हें सादर कोटि-कोटि नमन!!!

# नासिक सेन समाज ने पूरी भक्ति भाव से संत सेना महाराज जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की





**विशेष प्रतिनिधि**

**नासिकः** विगत दिनों सम्मानित श्री नंदलाल जी गोपाल जी साखला की अध्यक्षता में सेन समाज नासिक ने वारकरी संप्रदाय के महान संत शिरोमणि श्री संत सेना महाराज जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए भावबंधन मंगल कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किये गये। कार्यक्रम हनुमान वादी पंचवटी नाशिक में आयोजित किया गया था।



कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्मानित श्री नंदलाल जी गोपाल जी साखला ने की। पुण्यतिथि के अवसर पर नाशिक संत सेना महाराज जी के मंदिर परिसर में हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के प्रधान संपादक श्री छोटेलाल जी शर्मा, ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष श्री नन्दलाल साखला, नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष श्री अशोक लालचंद पवार, पूर्व अध्यक्ष श्री धोंडीराम साखला, चंद्रकांत निर्वाण, राजेन्द्र टोकसिया, मदनलाल पीडियार जीवन सेठ टोक्सिय, मोहन पवार, लालू सुरग, आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस से जुड़ी मानव तस्करी विरोधी इकाई ने गैरेज से बाल श्रमिकों को बचाया



**मुंबई :** मीरा भयंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस से जुड़ी मानव तस्करी विरोधी इकाई (एएचटीयू) ने दो नाबालिग लड़कों (11 और 15 वर्ष की आयु) को बचाया। नाबालिगों को भयंदर पूर्व में फ्लाई-ओवर-ब्रिज के पास एक ऑटोमोबाइल गैरेज में असुरक्षित परिस्थितियों में काम करते हुए पाया गया।नाबालिगों को काम पर देखने के बाद, एएचटीयू की गश्ती टीम ने दोपहिया वाहनों की मरम्मत के काम में लगे गैरेज में निरीक्षण किया।

यह सत्यापित करने के बाद कि दोनों लड़के 18 वर्ष से कम उम्र के हैं, पुलिस कर्मियों ने उनके नियोक्ताओं को पकड़ लिया और उन पर बाल और किशोर श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम -2015 (देखभाल और संरक्षण) की हाल ही में संशोधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। (बच्चों की) और आईपीसी की धारा 374। आरोपियों की पहचान कनिकराम गौतम (30) और चंद्रभान यादव (45) के रूप में हुई।

नियोक्ताओं ने नाबालिगों से अत्यधिक और खतरनाक काम कराकर उनका शोषण किया और उन्हें बेहद कम वेतन दिया। पुलिस ने कहा कि बचाए गए लड़के, जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं, उन्हें अपने परिवारों से मिलने तक बाल कल्याण गृह में ले जाया गया है। नवघर पुलिस स्टेशन के अधिकारी आगे की जांच कर रहे हैं।

# ३५५ तालुका में से सूखा प्रभावित हैं १९३

**मुंबई :** पिछले चार सप्ताह से राज्य के १९४ तालुकाओं में बारिश के मुंह मोड़ने से सरकारी मानदंडों के अनुसार, सूखा घोषित करने योग्य स्थिति उत्पन्न हो गई है। इन क्षेत्रों में बारिश नहीं हुई तो अक्टूबर के अंत में सूखा घोषित होने की संभावना है। इसके अलावा यह भी बताया गया है कि प्रदेश के ३५५ में से १९३ तालुका सूखा प्रभावित हैं।

सूखे के संभावित संकट को ध्यान में रखते हुए पशुपालन, जलदाय व राजस्व विभाग तैयारी में जुटा है। प्रदेश की सरकार को आशंका है कि सूखे के संभावित संकट के कारण किसानों की आत्महत्याएं बढ़ेंगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि सरकार क्या उपाय करती है। मराठवाड़ा, पश्चिम महाराष्ट्र और पश्चिम विदर्भ में सूखाग्रस्त तालुका हैं। राज्य के ३५५ में से १९३ तालुकाओं में १००



प्रतिशत, ५९ तालुकाओं में ७५ प्रतिशत, ६० तालुकाओं में ५० प्रतिशत, ३७ तालुकाओं में २५ प्रतिशत, जबकि चार तालुकाओं में २५ प्रतिशत से कम वर्षा हुई है। १९४ तालुकाओं में पिछले तीन-चार सप्ताह से बारिश ही नहीं हुई है। इसलिए इन तालुकाओं ने सूखे की घोषणा के चार चरणों में से पहला चरण पूरा कर लिया है। हालांकि, राहत व पुनर्वास विभाग के सूत्रों ने बताया कि अभी भी बारिश के दिन बाकी हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि इस वर्ष कम वर्षा के कारण पशुओं के चारे में ४४ प्रतिशत की कमी हो सकती है। ऐसे में पशुपालन विभाग ने चारे को अनुकूलित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पश्चिमी महाराष्ट्र के कुछ जिलों ने पानी की कमी को लेकर एक प्रारूप बनाया है। राजस्व विभाग के सूत्रों ने कहा है कि ३० अक्टूबर से पहले सूखे की घोषणा नहीं की जा सकती है। जिन तालुकाओं में पहला चरण (ट्रिगर) पूरा हो चुका है, वहां फसल की स्थिति का सर्वेक्षण जल्द ही किया जाएगा। जनवरी से जुलाई २०२३ के बीच राज्य में १५५५ किसानों ने आत्महत्या की है।

आत्महत्याओं की सबसे अधिक संख्या अमरावती (६३७) और संभाजीनगर (५८४) जैसे राजस्व विभागों में दर्ज की गई है। सरकार को आशंका है कि सूखे के कारण किसानों की आत्महत्याएं बढ़ेंगी।

# राजनीतिक लाभ के लिए देश में अशांति पैदा की जा सकती है - प्रकाश आंबेडकर



**मुंबई :** वंचित बहुजन आघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने एक महत्वपूर्ण मांग की है। लोकसभा चुनाव तक देश के ५ प्रमुख धार्मिकस्थलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी एनएसजी या सशस्त्र बलों को दे दी जाए, क्योंकि चुनाव से पहले राजनीतिक लाभ के लिए देश में अशांति पैदा की जा सकती है और मंदिरों का उपयोग उस उद्देश्य के लिए किया जा सकता है, ऐसा दावा आंबेडकर ने किया है। प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि जब लोकसभा के विशेष सत्र की घोषणा की गई तो हमने वंचित बहुजन आघाड़ी की ओर से अपनी भूमिका रखी थी कि यह एक फोटो सत्र है, जो एजेंडा कल सामने आया। उससे लग रहा है कि कहीं कोई गंभीर बिल नहीं है। राज्यसभा से मंजूर बिल को लोकसभा में मंजूरी दिलाना ही एकमात्र एजेंडा है। इसलिए दो हजार की नोटबंदी का दूसरा निर्णय हुआ तो चुनाव नवंबर में हो सकता है, ऐसी संभावना वंचित बहुजन आघाड़ी ने व्यक्त की है। इन दोनों के संदर्भ में २५ तारीख तक स्पष्ट होने की संभावना है।

पिछले नौ वर्षों की राजनीति पर नजर डालें तो एक समाज पर अत्याचार किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आतंक निर्माण करने की कोशिश की जा रही है, ऐसी परिस्थिति है।

बीच के दौर में औरंगजेब के नाम पर विवाद को बढ़ाने की कोशिशें की गई थीं, लेकिन वंचित बहुजन आघाड़ी के कारण विवाद वहीं थम गया है। अब मराठी विरुद्ध ओबीसी ऐसा विवाद पैदा करने की कोशिश होती दिखाई दे रही है। मतलब देश में अशांति कैसे रहेगी, इसका प्रयत्न शुरू है।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com